हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

खबर संक्षेप

भाजपा जिला कार्यालय में बैठक के दौरान दो युवा नेताओं में हाथापाई

राजनांदगांव। जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार 7 अक्टूबर को आयोजित जिला भाजपा की बैठक के दौरान दो युवा नेताओं के बीच विवाद होने और मामला हाथापाई तक पहुंचने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि दोनों नेता भाजपा के उत्तर मंडल से जुड़े हैं। जानकारी के अनुसार बैठक में संगठन की गतिविधियों को लेकर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों युवा नेताओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पार्टी के अन्य नेताओं ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग कराया। घटना के बाद भाजपा के भीतर इस मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, विवाद की वास्तविक वजह क्या थी और हाथापाई में कौन-कौन शामिल था, इसे लेकर पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के संबंध में भाजपा के नेता कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।



राजस्व प्रकरण के निराकरण में प्रशासनिक कसावट का असर

नामांतरण-खाता विभाजन के 93.66% व सीमांकन के 99.91% मामले सुलझे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले साल से प्रशासन ने शुरू किया था विशेष अभियान

जिले में अक्सर राजस्व प्रकरण को लेकर परेशान रहने वाले आमजनों के लिए पिछला एक साल काफी अच्छा रहा है। राजस्व प्रकरणों के लंबित रहने से परेशान लोगों के लिए राहत की खबर है। जिले में राजस्व वर्ष 2026 के दौरान 1 अक्टूबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक कुल 37,306 प्रकरण दर्ज हुए। जिनमें से 34,939 मामलों का निराकरण कर दिया गया। इस तरह जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण का औसत 93.66 प्रतिशत रहा। अब 2,367 प्रकरण ही लंबित है।

सबसे अधिक मामले विवादित नामांतरण से जुड़े रहे। इस श्रेणी में कुल 25,150 प्रकरण दर्ज हुए। जिनमें से 23,343 का निपटारा किया गया, यानी 92.82 प्रतिशत मामलों में फैसला हुआ। इसी तरह विवादित खाता विभाजन के 2,241 में से 2,125 प्रकरण निपटाए गए। इसकी निराकरण दर 94.82 प्रतिशत रही।

अविवादित मामलों में भी प्रशासन ने तेजी दिखाई। अविवादित नामांतरण के 3,254 में से 3,062 प्रकरण निपटाए गए। जबकि अविवादित खाता विभाजन के 768 में से 735 मामलों का निराकरण हुआ। दोनों श्रेणियों में क्रमशः 94.10 और 95.70 प्रतिशत मामलों का निपटारा किया गया। जिससे आम लोगों को भी काफी राहत मिली है।



जारी रहेगा अभियान



पिछले एक साल में रिकार्ड तोड़ प्रकरणों का निपटारा किया गया है। गांव में ही कई प्रकरणों की सुनवाई की गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

- **जितेन्द्र यादव**, कलेक्टर

जटिल मामलों की हुई विशेष मॉनिटरिंग

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जटिल और विवादित राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता देते उनकी नियमित मॉनिटरिंग की। नामांतरण और खाता विभाजन जैसे मामलों के लिए राजस्व अधिकारियों की बैठकें लेकर समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण कराने पर जोर दिया गया। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों के साथ पंचायत स्तर पर समन्वय बढ़ाया गया।

पंचायत अमले ने भी दिखाई तेजी

पंचायत अमले द्वारा वर्ष 2026 में भी राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी दिखाई गई। विवादित नामांतरण के 12,629 प्रकरणों में 11,887 का निराकरण हुआ। जबकि अविवादित खाता विभाजन के 2,867 में से 2,807 मामले निपटाए गए। दोनों श्रेणियों में निराकरण दर क्रमशः 94.12 और 97.91 प्रतिशत रही।

नियमित सुनवाई

प्रकरणों के त्वरित निराकरण से आम लोगों को राजस्व कार्यालयों के चक्कर लगाने और लंबे समय तक मामलों के लंबित रहने से राहत मिली है। साथ ही जमीन से जुड़े मामलों में निर्णय होने से लोगों को अपने संपत्ति संबंधी कार्य आगे बढ़ाने में भी सुविधा मिली है।

सीमांकन के 2333 में से 2331 मामले सुलझे

भूमि संबंधी विवादों में महत्वपूर्ण माने जाने वाले सीमांकन प्रकरणों में सबसे बेहतर प्रदर्शन सामने आया। कुल 2,333 मामलों में 2,331 का निराकरण कर दिया गया। इसकी निराकरण दर 99.91 प्रतिशत रही। वहीं अन्य राजस्व प्रकरणों में भी 1,632 में से 1,591 मामलों का निपटारा किया गया। भू-अर्जन से जुड़े 51 में से सभी 51 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

टायर फटने से अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पेड़ से टकराई, दबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रेत डंप कर वापस ट्रैक्टर में सवार होकर चार लोग वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर का सामने का पहिया फट गया। जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क से उतरकर एक पेड़ से जा टकराई। इस घटना में एक युवक ट्रैक्टर के पहिये की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार सुबह लगभग 10 बजे एक टैक्टर ट्राली में सवार होकर चार लोग रेत डंप कर वापस अपने गांव की ओर लौट रहे थे। बताया गया कि वे मोहारा बाईपास रोड पर पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर के सामने का टायर अचानक फट गया और पहिया निकलकर दूर फेंका गया। जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर एक पेड़ से जा टकराई। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में ट्रैक्टर में सवार आशीष साहू 22 वर्ष ग्राम हल्दी निवासी गिरकर टैक्टर के पहिये की चपेट में आ गया।

गांव में शोक की लहर

उक्त घटना की खबर से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया था। ट्रैक्टर के पहिये में दबे युवक आशीष साहू को किसी तरह बाहर निकालकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन सदमे में आ गए। वहीं गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त

उक्त घटना से ट्रैक्टर का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर में विमल, लोमेश व जितेन्द्र भी सवार थे, जो सुरक्षित है।





खबर संक्षेप



छात्रों ने किया गांव का चित्रण

कलकसा। डॉ अंबेडकर ट्राइबल रेसीडेंशियल स्कूल बछेराभाटा में पढ़ाई के साथ विविध आयोजन किए जाते है। इसी कड़ी में गांव की दशा व दिशा ,रहन-सहन खानपान का चित्रण प्रस्तुत करने कहा गया। छात्रों ने उत्साह के साथ अपने गांव का चित्रण प्रस्तुत किया। छात्रों ने स्कूल, तालाब, ग्राम पंचायत, दवाखाना, पेड़ खेत खलियान आदि प्रस्तुत किया ।

30 पौवा देशी शराब बरामद

डोंगरगढ़। डोंगरगढ़ में अवैध शराब परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तारअवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ डोंगरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 पाव रोमियो देशी मदिरा मसाला, कुल 5.400 बल्क लीटर शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त हीरो एचएफ डीलक्स बाईक जब्त की है। जब्त मशरूका की कीमत 23 हजार रुपए बताई गई है। मुखबीर से सूचना मिली थी कि प्रज्ञागिरी पहाड़ी मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास दो युवक अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर थाना डोंगरगढ़ पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुरुषोत्तम नेताम 23, निवासी वार्ड क्रमांक 6 करवारी और भुवनेश्वर सिन्हा 23, निवासी वार्ड क्रमांक 5 करवारी को पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 30 पाव रोमियो देशी मदिरा मसाला, जिसकी कीमत करीब 3 हजार रुपए है, तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त हीरो एचएफ डीलक्स बाइक, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपए है, जब्त की। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

निधन

रामबाई गेडाम

डोंगरगढ़। स्थानीय भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत करवारी बूथ क्रमांक 184 के अध्यक्ष मनोहर गेडाम की माताजी श्रीमती रामबाई गेडाम का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर परिवार सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



लीलौतीन सोनी

सड़क अतरिया। बुन्देली निवासी लीलौतीन बाई सोनी का मंगलवार शाम को निधन हो गया। वह सरपंच दिवाकर सोनी की दादी थी। बुधवार को उसकी अंतिम यात्रा निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें नाथुराम सोनी, बलदाऊराम सोनी, भुनेश्वर, दिवाकर सहित परिवार, मित्र एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



दबंगई से परेशान पंच ने दी हड़ताल की चेतावनी, प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

सरपंच-उप सरपंच का सामाजिक बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम खपरीदरबार में पंचायत संबंधी विवाद और ग्रामीणों के कथित दबाव का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। आदिवासी पंच मंगल नेताम पिता स्व. साखाराम नेताम ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा लगातार दबाव बनाकर उनके सहित सरपंच के परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने जैसा माहौल बनाया जा रहा है।

पंच मंगल नेताम के अनुसार गत 20 सितंब को पनबुढ़ी बांध के रखरखाव, नल-जल योजना से जुड़े विषयों पर चर्चा के लिए पंचायत की बैठक आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि पनबुढ़ी बांध का रखरखाव पंचायत द्वारा किया जा रहा है। बैठक में बिजली बिल का बकाया लगभग 3 लाख 68 हजार 670 रुपए सहित अन्य विषयों पर चर्चा प्रस्तावित थी।

पंच मंगल नेताम का आरोप है कि कुछ ग्रामीणों ने बैठक में शामिल होने के बजाय पंचायत के बाहर ग्रामीणों को बैठाकर अपने स्तर पर निर्णय सुनाने शुरू कर दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान एक पंच के पति अंजोरी यादव पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया।

सरपंच के परिवार से बातचीत या मेल-जोल रखने वाले लोगों पर भी जुर्माने का कथित प्रावधान किया गया। पंच का कहना है कि उस समय सरपंच परिवार का कोई भी सदस्य उक्त बैठक में मौजूद नहीं था।

खपरीदरबार में पंचायत संबंधी विवाद गहराने लगा

मंदिर तोड़ने का आरोप

उन्होंने गांव के पुराने शीतला मंदिर को भी पंचायत की जानकारी के बिना तोड़ने का आरोप लगाया है। इसके अलावा उनकी पत्नी कामती नेताम द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह को लेकर सोशल मीडिया पर कथित रूप से आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने की शिकायत भी प्रशासन से करने की बात कही है।



नहीं मान रहे

इस संबंध में थाना प्रभारी बिलकिस खान ने बताया कि दोनों पक्ष को बुलाकर समझाइस दी गई थी।लेकिन फिर भी वह लोग नहीं मान रहे हैं।

बैठक में भी विवाद

मंगल नेताम के अनुसार पुराने विवादों को सुलझाने के लिए 26 सितंबर को बैठक आयोजित की गई। उनका आरोप है कि इस बैठक में कुछ ग्रामीणों द्वारा उपसरपंच भुनेश्वर निषाद को गांव से बेदखल करने का निर्णय लेते हुए 8 हजार का जुर्माना लगाया। पंच मंगल नेताम ने बताया कि पूर्व में उपसरपंच से संबंधित मामले में एसडीएम के समक्ष निर्णय हो चुका था, जिसके बाद पंचायत के निर्णयों का पालन करने की बात कही गई थी। पंच मंगल नेताम का कहना है कि इसके बावजूद गांव में कुछ लोगों द्वारा लगातार अपने स्तर पर फैसले किए जा रहे हैं। उनका आरोप है कि गांव के नाई, धोबी और पंचायत प्रतिनिधियों पर भी दबाव बनाया जा रहा है।

प्रशासन से कार्रवाई की मांग

मंगल नेताम ने कहा कि लगातार विवाद के कारण उनका परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है तथा खेती-बाड़ी का भी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर ग्रामीणों के कथित दबाव और मनमाने फैसलों पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 9 अक्टूबर तक प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की तो वह परिवार के साथ एसडीएम कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठने मजबूर होंगे। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पहले ग्राम पंचायत खपरी दरबार के सरपंच लक्की नेताम और उप सरपंच भूनेश्वर निषाद ने भी थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।

कोर्ट के सवालों के बाद आयोग जवाब दे : लोधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर उठ रहे गंभीर सवालों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने कहा कि यह मामला किसी राजनीतिक दल विशेष का नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र और करोड़ों मतदाताओं के विश्वास से जुड़ा हुआ है।

विष्णु लोधी ने कहा कि निर्वाचन आयोग लोकतंत्र की महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में से एक है। यदि जनता के मन में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर संदेह पैदा होने लगे, तो यह लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। जनता का निर्वाचन आयोग और अपनी मतदान प्रक्रिया पर विश्वास हर परिस्थिति में कायम रहना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़े मामले में सवाल उठाए जाने और जवाब मांगे जाने के बाद जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता और बढ़ गई है। न्यायालय ने अभी किसी को दोषी घोषित नहीं किया है, लेकिन जब देश की सुप्रीम कोर्ट के समक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े गंभीर प्रश्न पहुंच चुके हैं, तब देश की जनता जवाब चाहती है कि आखिर इन परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार कौन है?

श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्रि के दौरान मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले नवरात्रि मेले को देखते हुए डोंगरगढ़ स्टेशन पर 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को दोनों दिशाओं में दो-दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। इसके अलावा यात्रियों की भीड़ को देखते हुए मेमू ट्रेनों के संचालन में भी बदलाव किया गया है।

स्पेशल ट्रेन भी चलेगी

रेलवे के मुताबिक गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर का विस्तार रायपुर तक किया जाएगा। वहीं रायपुर-डोंगरगढ़-रायपुर मेमू को गोंदिया तक चलाया जाएगा। श्रद्धालुओं की अतिरिक्त आवाजाही को देखते हुए डोंगरगढ़ और दुर्ग के बीच मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का संचालन भी किया जाएगा। इससे रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया समेत आसपास के क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को रेल से डोंगरगढ़ पहुंचने के ज्यादा विकल्प मिलेंगे।

सुबह से रात तक मिलेगी कनेक्टिविटी

रेलवे की इस व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को दिन के अलग-अलग समय पर डोंगरगढ़ आने-जाने के लिए ट्रेन सुविधा मिलेगी। बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस रात 9.56 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी, जबकि वापसी दिशा की ट्रेन सुबह 5.040 बजे पहुंचेगी। इसी तरह बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस दोपहर 12.16 बजे और चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस सुबह 10.18 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी। बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस का आगमन दोपहर 2.36 बजे, जबकि पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस सुबह 11.58 बजे होगा। वहीं सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस सुबह 10.46 बजे और रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस शाम 6.30 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी।

जर्जर सड़कों से जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिले में सड़कों की बदहाल स्थिति को लेकर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेश पटिला ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सरकार से जिले की प्रमुख सड़कों की तत्काल मरम्मत शुरू कराने की मांग की है।



पटिला ने कहा कि कई प्रमुख मार्गों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिससे आम जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

श्री पटिला ने कहा कि जिले के मुख्य मार्गों के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी ग्रामीण सड़कों की स्थिति भी चिंताजनक है। जर्जर सड़कों के कारण ग्रामीणों, मजदूरों, किसानों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों का दैनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है।

नवरात्रि से पहले डोंगरगढ़ की सड़कें दुरुस्त करने की मांग

पूर्व ऊर्जा मंत्री ने विशेष रूप से डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में आगामी शारदीय नवरात्रि के दौरान जुटने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान बड़ी संख्या में पदयात्री, चारपहिया और दोपहिया वाहन मार्गों से गुजरते हैं। ऐसे में खराब सड़कों पर बने गहरे गड्ढे किसी गंभीर हादसे का कारण बन सकते हैं।

अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए अच्छा बनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- सत्यनाम संदेश, गुरुदीक्षा और चौका आरती में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

कबीरपंथ मानवता का पंथ है और आज का यह आयोजन किसी एक व्यक्ति अथवा किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता का आयोजन है। कबीरपंथ का आ धा र भू त सिद्धांत है कि कोई भी कबीरपंथी अपने लिए अथवा अपने किसी पंथी के लिए अच्छा बनने से पहले दूसरों के लिए अच्छा बनने का प्रयास करे। यह उद्गार कबीरपंथ के सोलहवीं पीढ़ी के ध्वजवाहक पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब ने छुईखदान में आयोजित एक दिवसीय संत समागम के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि मनुष्य को प्रकृति और जीव-जंतुओं के साथ दया और प्रेमभाव से रहना चाहिए, न कि उनके विनाश का कारण बनना चाहिए। उन्होंने शाकाहार और जीवदया पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य को प्रकृति ने सोचने-समझने की शक्ति दी है, जबकि अन्य जीव अपने जीवन की रक्षा के लिए मनुष्य पर निर्भर नहीं हो सकते। ऐसे में मनुष्य का दायित्व है कि वह जीवों के प्रति दया रखे और उन्हें भी स्वतंत्र रूप से जीवन जीने का अवसर दे।



नगर भ्रमण के दौरान राजमहल पहुंचे हुजूर साहेब

छुईखदान आगमन के प्रथम चरण में हुजूर साहेब का भव्य नगर भ्रमण हुआ। इस दौरान करीब हजारों की संख्या में श्रद्धालु, शिष्य और अनुयायी बाजे-गाजे के साथ नगर भ्रमण में शामिल हुए। माताओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर छुईखदान रियासत की ओर से राजमहल पधारने के आग्रह को पंथ श्री हुजूर उदित मुनि नाम साहेब ने स्वीकार किया और राजपरिवार का आतिथ्य ग्रहण किया।

चलता रहा भंडारा

ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचे समस्त श्रद्धालुओं के लेकर लगातार भंडारा चलते रहा ।श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए आयोजन स्थल पर एक दिन पूर्व से ही सतत भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

600 वर्षों से संदेश दे रहा कबीरपंथ

छुईखदान में पहली बार पधारे उदित मुनि नाम साहेब ने कहा कि कबीरपंथ छह सौ वर्षों से अधिक समय से मानवता की स्थापना और सामाजिक जागृति का संदेश घर-घर और गांव-गांव तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि मानवता की पुनर्स्थापना के लिए कबीरपंथ के कार्यक्रमों को और अधिक सुगम एवं संगठित किया जाएगा।

एक झलक पाने उमड़ा जनसैलाब

संत समागम के ऐतिहासिक आयोजन को लेकर छुईखदान नगर सहित पूरे क्षेत्र के कबीरपंथियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग भी आयोजन में पहुंचे। श्रद्धालुओं में हुजूर साहेब की एक झलक पाने और उनके प्रवचन सुनने को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

जनप्रतिनिधियों सहित हजारों लोग हुए शामिल

संत समागम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छुईखदान के राजा गिरिराज किशोर दास, छोटे राजा देवराज किशोर दास, विक्रांत सिंह, खम्मन तामकार कोमल साहू, कोमल जंघेल, सज्जाक खान, उत्तम जंघेल, घम्मन साहू, विशेषर साहू, रिंकू गुप्ता, हेमलाल टी के चंदेल, दशमथ जंघेल, गजेंद्र ठाकरे, हेमंत वैष्णव, संतु धर्मगुड़े, भीखू हिरवानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ब्लॉक के शिक्षकों ने रखी 10 सूत्रीय मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक इकाई छुरिया ने 10सूत्रीय समास्याओं के समाधान के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।

एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर शांतिपूर्ण आंदोलन करने की बात कही है। एसोसिएशन के संरक्षक दिनेश कुरेटी, अध्यक्ष योगेन्द्र वर्मा, सचिव ज्ञानेश्वर जाम्बुलकर ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ कटौती पासबुक का संधारण होना बाकी है।

शालाओं में एनजीओ की दखल से अध्यापन कार्य प्रभावित होता है।आकस्मिक निधन एवं सेवानिवृत्त हुए तीनों वर्ग के एलबी संवर्ग के परिजनों को आर्थिक लाभ, पेंशन, ग्रेजुएटी, समूह बीमा का लाभ तत्काल नहीं मिल रहा है। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में पाक्षिक के बजाय मासिक परीक्षा होना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान विष्णु साहू, ज्ञानेश्वर जाम्बुलकर, जगदीश साहू, मोतीराम भलेन्द्र, रूपलाल सिन्द्राम, गीता कन्नौजे, सुषमा नेताम, देवकी ठाकुर, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, हेमंत बेहेरा, ईश्वर मंडावी, मन्नूलाल साहू, लक्षमण साहू, विभोर अग्रवाल, रामकुमार साहू, सहदेव नेताम, देवानंद देवांगन, इरफाना शबनम आदि मौजूद थे।

जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

डोंगरगढ़। डोंगरगढ़ शहर के वार्ड नंबर 10 में वार्ड के एक व्यक्ति द्वारा पट्टे के निधारित भूमि के बजाय अतिरिक्त भूमि पर निर्माण करा कर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने का अरोप लगाया है। वार्डवासियों ने उक्त मामले की शिकायत तहसील कार्यालय सहित नगर पालिका मुख्य अधिकारी कार्यालय को भी दिया है। वार्डवासियों ने बताया की कालका पारा वार्ड नंबर 10 स्कूल के पास विनोद मेश्राम को शासन से 28 वर्ग मीटर जमीन का पट्टा एलॉट हुआ है। जबकि उस व्यक्ति ने आस पास के शासकीय जमीन पर कब्जा कर अन्य लोगों के मार्ग को अवरूध कर अतिरिक्त जमीन पर कब्जा कर पक्का मकान बना लिया है। वार्डवसियों ने 6 अप्रेल 2026 को इसकी लिखित शिकायत तहसील कार्यालय में करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी प्रतिलिपि सौप पूरे मामले को संज्ञान में लाया था। राजनीतिक संरक्षण के कारण उक्त मामले में कार्यवाही नहीं हो पाई है। जिससे वार्डवासियों में जमकर आक्रोष पनप रहा है।

आधे घंटे की बारिश व तेज हवा से कई पेड़ गिरे, बिजली पोल भी झुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

मानसून की बिदाई के बाद तेज उमस और गर्मी का आलम बना हुआ था। इसी बीच बुधवार की दोपहर मौसम ने अपना मिजाज बदला और गर्जना के साथ तेज हवा शुरू हो गई। करीब आधा घंटा की बारिश और तेज हवा से कई पेड़ और बिजली का पोल झुक गया।

जानकारी अनुसार बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे क्षेत्र में तेज़ हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। हवाएं इतनी तेज थी कि अतरिया, घिरघोली के मध्य करीब आधा दर्जन वृक्ष धाराशाही हो गए। राजनांदगांव कवर्धा मुख्य मार्ग के घिरघोली मोड़ के पास एक विशाल वृक्ष सड़क में ही गिर गया। जिससे आवागमन काफी देर तक प्रभावित रहा। वृक्ष का एक बड़ा हिस्सा सड़क पर गिर गया था। जिससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया था। छोटे वाहन जैसे तैसे निकल पा रहे थे। सड़क का दूसरा छोर सकरा नाली और गिला होने से मौके पर जोखिम भरा था। जिससे बड़े वाहन को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर घिरघोली में मुख्य मार्ग के किनारे लगा हुआ ट्रांसफार्मर का पोल भी तेज हवा में झुक गया। मौके पर कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं है। वहां पर उपस्थित लोगों ने इसकी जानकारी विद्युत विभाग को दिया। विभाग द्वारा उस लाईन की बिजली सप्लाई बंद किया गया।



नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

कॉलेज में वेलकम पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पंडित रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और उनके महाविद्यालयीन जीवन को यादगार बनाने के उद्देश्य से वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य टीएल वर्मा के मार्गदर्शन एवं हिंदी विभागाध्यक्ष जीके कौशिक के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नए छात्रों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से परिचित कराया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने नए छात्रों को अनुशासन, सौहार्द और आपसी सहयोग के साथ अध्ययन करने प्रेरित किया।



संस्था की गरिमा बनाए रखने की दी सीख

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और प्रतिभा विकास का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहते हुए अपनी शिक्षा पूरी करने और संस्था की गरिमा बनाए रखने की सीख दी। हिंदी विभागाध्यक्ष जीके कौशिक ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। अंत में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।



सार समाचार

जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन



राजनांदगांव। फ्रैंक ब्रदर्स फुटबॉल क्लब राजनांदगांव द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ। प्रतियोगिता में डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुईखदान, खैरागढ़, कवर्धा, मनेरी, फ्रैंक ब्रदर्स एवं राजनांदगांव जूनियर बॉयज सहित कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव डीएफए की सीनियर पुरुष टीम के लिए प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन करना था, जो एनटीपीसी कोरबा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करेंगे। पहले दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में राजनांदगांव जूनियर बॉयज ने खैरागढ़ को पेनल्टी शूटआउट में, डोंगरगढ़ ने कवर्धा को 2-0, डोंगरगांव ने छुईखदान को 2-0 तथा फ्रैंक ब्रदर्स ने मनेरी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।

दूसरे दिन सेमीफाइनल में डोंगरगढ़ ने राजनांदगांव जूनियर बॉयज को पेनल्टी शूटआउट में तथा फ्रैंक ब्रदर्स ने डोंगरगांव को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबला फ्रैंक ब्रदर्स एवं डोंगरगढ़ के बीच खेला गया, जो निर्धारित समय तक 0-0 से बराबर रहा। रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में फ्रैंक ब्रदर्स ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। जबकि डोंगरगढ़ उपविजेता रहा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में महापौर मधुसूदन यादव, सुमित उपाध्याय, अंजुम अल्वी उपस्थित रहे।

क्वांटिटी नहीं क्वालिटी बढ़ाओ : श्रेयांशप्रभ

राजनांदगांव। उत्साह के साथ-साथ हमें क्वांटिटी नहीं क्वालिटी बढ़ाना चाहिए। यदि हमने ऐसा किया तो देखिए



कितना फर्क आता है। हम अपने कार्य में अवश्य सफल होंगे। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जो क्रिया हम कर रहे हैं, उसे उत्साह के साथ करें और उसमें भाव डालें फिर देखिए आपका काम कैसे सफल नहीं होता।

मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री श्रेयांशप्रभ सागर ने कहा कि उत्साह जीवन में बहुत महत्व रखता है। आप कोई भी कार्य करें उत्साह के साथ करें। उत्साह के साथ कार्य करने से व्यक्ति का कार्य जल्दी होता है और सटीक भी होता है। आपकी जितनी शक्ति है, उतना ही कार्य करें, लेकिन पूरे भाव से करें, क्योंकि भाव ही तो उत्साह है। कोई भी मुनि पूरे 12 के 12 तप करने के लिए नहीं कहता, सभी कहते हैं कि एक तप करो, लेकिन पूरे भाव एवं उत्साह से करो।

कराटे में गायत्री विद्यापीठ ने मारी बाजी

राजनांदगांव। गायत्री विद्यापीठ ने खेल जगत में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। भिलाई में आयोजित प्रथम इंडो-नेपाल कराटे प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने



शानदार प्रदर्शन करते कुल 16 पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से लगभग 1200 प्रतिभागी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। गायत्री विद्यापीठ के 10 प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते 8 स्वर्ण, 4 रजत एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त किए।

विजयी प्रतियोगी बच्चों में मोक्ष साहू, योजित साहू, मेहल राजगढ़ (दो गोल्ड), सचेतन चौगुले (दो गोल्ड), मोक्ष साहू, ख्याति साहू, जिज्ञांशु साहू व सिल्वर मेडल प्राप्त खिलाड़ी मोक्ष साहू, जिज्ञांशु साहू, वारीया टेम्बेकर, अदिति ठाकुर एवं ब्रोंज मेडल प्राप्त खिलाड़ी में योजित साहू, मोक्ष साहू, तोमन सोनकर, वारीया टेम्बेकर शामिल हैं।

रेलों का ट्राईमिंग सुधारने की मांग

राजनांदगांव। समाज सेवा संघ के संयोजक व समाजसेवी संजीव सिंघल ने रेल मंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर रेलों के अत्याधिक विलंब से चलने पर गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रेलों के अत्याधिक विलंब से चलने से पूरा जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। विद्यार्थियों, नौकरी पेशा लोगों एवं व्यवसायियों को तो भारी नुकसान का सामना करना ही पड़ता है। साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर भी बेहद विपरीत असर पड़ता है।

डोंगरगांव ब्लॉक की कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव। ग्राम पंचायत सदस्य एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश उपसरपंच संघ अध्यक्ष की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने डोंगरगांव ब्लॉक कार्यकारिणी की



बैठक आयोजित की गई। राकेश साहू ने बताया कि उपसरपंच की मानदेय, बीमा, पेंशन के साथ वित्तीय अधिकार चेक में संयुक्त हस्ताक्षर से करप्सन को रोकने में अहम भूमिका निभाई जाएगजिसमें जिला उपाध्यक्ष की नियुक्ति चन्द्रकांत यादव ग्राम पंचायत खुज्जी को किया गया। उपसरपंच संघ डोंगरगांव ब्लाक अध्यक्ष चुम्मन लाल साहू, उपाध्यक्ष नंदलाल कुम्भकार, महिला उपाध्यक्ष कामनी यादव, सचिव अंकुश देवांगन, सहसचिव महेश्वरी निषाद, कोषाअध्यक्ष तुलेश्वर साहू, संरक्षक चुम्मनलाल साहू, संयोजक भरतराम साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू बने।

परीक्षा परिणाम पर मंथन, कमजोर विद्यार्थियों के लिए लगेगी स्पेशल कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तिमाही परीक्षा के परिणामों की समीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने जिले के हाईस्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की मैराथन बैठक ली। बसंतपुर हायर सेकंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित बैठक में जिले के सभी 166 हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्य शामिल हुए। बैठक में कमजोर परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों और विषयों को चिन्हित कर आगामी छमाही तथा बोर्ड परीक्षा में परिणाम सुधारने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर जितेंद्र यादव और जिला पंचायत सीईओ डीपी अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने संस्थावार तिमाही परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। उन्होंने प्राचार्यों को निर्देश दिए कि जिन विषयों में विद्यार्थियों का प्रदर्शन कमजोर रहा है, वहां विषय शिक्षकों के साथ बैठक कर ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। जरूरत के अनुसार ऑनलाइन कोचिंग और ऑनलाइन कक्षाओं का उपयोग कर विद्यार्थियों की अतिरिक्त तैयारी कराई जाए। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

छमाही और बोर्ड परीक्षा से पहले परिणाम सुधारने पर जोर

ऑनलाइन कक्षाओं का उपयोग

बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन स्कूलों में किसी विषय के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वहां विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं के लिंक से जोड़ा जाए। प्रतिदिन होने वाली ऑनलाइन कक्षाओं की रिकॉर्डिंग का उपयोग भी विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए किया जाए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने दी जाए।

छात्रवृत्ति तक समीक्षा

बैठक में शैक्षणिक परिणामों के साथ कई वीएसके एप में विद्यार्थियों की उपस्थिति, एपीएआर आईडी, छात्रवृत्ति एवं पेंशन प्रकरण, यू-डाइस प्रविष्टि, लीव मैनेजमेंट सिस्टम, सेवा पुस्तिका एवं पासबुक के संधारण तथा आगामी अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों की जानकारी ली गई।

ऑनलाइन एंट्री होगी

दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा श्री राव ने राज्य स्तर से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों एवं शासन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिला स्तरीय अधिकारियों ने भी एपीएआर आईडी, वीएसके एप और तिमाही परीक्षा परिणामों की ऑनलाइन एंट्री सहित विभिन्न कार्यों के संबंध में प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जेईई-नीट और अग्निवीर की तैयारी पर भी जोर

प्राचार्यों को प्रत्येक शनिवार और रविवार को जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को प्रत्येक शनिवार को फिजिकल ट्रेनिंग उपलब्ध कराने प्रशिक्षण संस्थाओं से समन्वय करने को कहा गया।

तीन-चार ट्रैक, फिर भी ट्रेनों का ट्रैफिक जाम, यात्रियों में पनपा आक्रोश

70 किमी का सफर पूरा करने में सुपरफास्ट ट्रेनें ले रही तीन घंटे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे के राजनांदगांव-दुर्ग सेक्शन में ट्रेनों के परिचालन की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कई जगह तीन और कहीं चार रेलवे ट्रैक उपलब्ध होने के बावजूद ट्रेनों को समय पर आगे बढ़ाने के बजाय लंबे समय तक आउटर और स्टेशनों के बीच खड़ा किया जा रहा है।

स्थिति यह है कि एक ट्रेन के पीछे दूसरी और उसके पीछे तीसरी ट्रेन खड़ी होने से पूरा सेक्शन ट्रैफिक जाम की स्थिति में पहुंच रहा है। इसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ रहा है और सुपरफास्ट ट्रेनों का भी सफर लगातार लंबा होता जा रहा है। राजनांदगांव-दुर्ग के बीच रेल लाइन पर कई हिस्सों में तीन से चार ट्रैक उपलब्ध हैं। ऐसे में यदि परिचालन व्यवस्था के तहत लगभग हर 10 मिनट में एक ट्रेन को आगे बढ़ाया जा सकता है तो ट्रेनों के बीच निर्धारित दूरी बनाए रखते हुए लगातार परिचालन किया जा सकता है, लेकिन मौजूदा स्थिति में ट्रेनें लंबे समय तक खड़ी रहती है और थोड़े-थोड़े अंतराल में आगे बढ़ती है। इससे पीछे चल रही ट्रेनों का दबाव लगातार बढ़ता जाता है। यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को क्रास कराए जाने के चलते यात्री हलाकान हो रहे हैं।

खास बातें

- लंबे समय तक आउटर में खड़ी हो रही ट्रेनें
- मालगाड़ियों को क्रॉस कराए जाने से भी यात्रियों में बढ़ी नाराजगी



समन्वय पर उठ रहे सवाल

लगातार बन रही ट्रैफिक जाम की स्थिति के बीच राजनांदगांव और दुर्ग स्टेशन के बीच ट्रेनों के परिचालन और लाइन क्लियरेंस को लेकर समन्वय पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि आगे की लाइन पर ट्रैफिक अधिक है तो पीछे से आने वाली ट्रेनों को उसी अनुपात में नियंत्रित किया जाना चाहिए, लेकिन मौजूदा व्यवस्था में ट्रेनों को अलग-अलग स्थानों पर रोकने से पूरा परिचालन चेन प्रभावित हो रहा है। इस मामले में स्टेशन मास्टरों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जांच की मांग

यात्रियों का कहना है कि राजनांदगांव-दुर्ग सेक्शन में लगातार हो रही देरी की समीक्षा कर ट्रेन संचालन का टाइम-स्टडी, लाइन उपयोग, सिग्नलिंग व्यवस्था और स्टेशन स्तर पर ट्रैफिक मैनेजमेंट की जांच की जाए, ताकि रोज-रोज बन रही जाम जैसी स्थिति से यात्रियों को राहत मिल सके। यात्रियों ने यह भी कहा कि शीघ्र व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे।

रायपुर पहुंचने में लग रहे 3 से 3.5 घंटे

राजनांदगांव-रायपुर के बीच करीब 70 किलोमीटर का सफर सामान्य परिस्थितियों में सुपरफास्ट ट्रेन को अपेक्षाकृत कम समय में पूरा करना चाहिए, लेकिन लगातार रूकावटों के कारण यही दूरी कई बार 3 से 3.5 घंटे तक खींच रही है। पैसेंजर और लोकल ट्रेनों की स्थिति इससे भी खराब हो रही है। लोकल यात्रियों का कहना है कि यह अब कभी-कभार होने वाली समस्या नहीं रह गई है। लगभग हर दिन ट्रेनों के लेट होने और स्टेशनों के बीच रोकने की स्थिति बन रही है। इससे यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें छूट रही हैं। निर्धारित समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है और रेलवे की समयबद्धता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

ठेलकाडीह सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

शराब के नशे में वाहन चलाकर शिक्षिका एवं दो बच्चों को वाहन से रौंदने के मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के मुताबिक 5 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे ठेलकाडीह स्कूल से छुट्टी होने के बाद प्रार्थी की दो पुत्रियां अपनी स्कूल की शिक्षिका श्रीमती किरण तिवारी (निवासी राजनांदगांव) के साथ बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान डुमरीडीहकला की ओर से आ रही इको वैन के चालक ने शराब के नशे में भीड़भाड़ जगह जानते व देखते हुए अत्याधिक तेज गति से वाहन चलाते उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने से आई चोंट के कारण शिक्षिका श्रीमती किरण तिवारी का अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई तथा दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल दाखिल कराया गया है।

पुलिस ने की कार्रवाई

घटना की गंभीरता को देखते हुए ठेलकाडीह पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी वाहन इको वैन को जब्त किया गया व आरोपी चालक डोमेश्वर उर्फ दादू यादव 30 वर्ष वार्ड नं. 3 मठपारा गयानगर दुर्ग को 7 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा।

माओवादियों के छिपाए हथियार और विस्फोटक जंगल से बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे कोपर्शी जंगल क्षेत्र में गढ़चिरौली पुलिस ने माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाकर जमीन में छिपाकर रखे गए हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से कुल छह अग्निशस्त्र सहित बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री जब्त की है। वहीं अन्य आपत्तिजनक माओवादी सामग्री को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने और घात लगाकर हमले की घटनाओं को अंजाम देने के उद्देश्य से माओवादी दुर्गम जंगल क्षेत्रों में हथियार एवं विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखते थे। इसी संबंध में गुप्त सूचना मिलने पर 6 अक्टूबर को पुलिस द्वारा कोपर्शी जंगल क्षेत्र में विशेष तलाशी अभियान शुरू किया गया। अभियान के लिए विशेष अभियान दल की पांच टुकड़ियां तथा बम निरोधक एवं खोजी दस्ते (बीडीडीएस) की दो टीमों को रवाना किया गया। जवानों ने जंगल क्षेत्र की घेराबंदी कर गहन तलाशी ली। इस दौरान जमीन में छिपाकर रखे हथियार और अन्य सामग्री बरामद की गई।

कई तरह के हथियार किए गए बरामद

पुलिस के अनुसार पुलिस ने मौके से एक .303 राइफल, दो सिंगल शॉट राइफल, दो देशी पिस्टल और एक बीजीएल लांचर सहित कुल छह अग्निशस्त्र बरामद किए। इसके अलावा 10 बीजीएल सेल, 21 जिंदा कारतूस, सात डेटोनेटर, 150 मीटर केबल वायर, दो मैगजीन, दो कुकर, तीन वॉकी-टॉकी, तीन वॉकी-टॉकी चार्जर और दो वॉकी-टॉकी बैटरियां भी जब्त की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान मिली अन्य माओवादी सामग्री को सुरक्षा मानकों के अनुसार घटनास्थल पर ही नष्ट किया गया।

दो सूत्रीय मांगों को लेकर नर्सिंग एसोसिएशन की मोपेड रैली आज

राजनांदगांव। ग्रेड-पे पर बने प्रस्ताव को लागू करने और संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी स्टाफ नर्सों को वर्तमान कार्यरत चिकित्सालयों में नियमितीकरण की मांग को लेकर नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

शहर के पेंड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 6 और 7 अक्टूबर को काली पट्टी लगाकर कार्य करते नर्सिंग एसोसिएशन द्वारा सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया है। वहीं संघ द्वारा शहर में 8 अक्टूबर को मोपेड रैली निकाली जाएगी। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा कहा गया कि दिवाली के पूर्व अगर ग्रेड-पे वेतनमान पर बने प्रस्ताव को लागू नहीं किया गया तो आगामी 18 नवम्बर से प्रदेश के सभी 10 मेडिकल कॉलेज के समस्त नर्सिंग संवर्ग नियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी नर्सेस अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाएंगे।

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

आंदोलनरत नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश सचिव भावना ध्रुव ने बताया कि डेढ माह पूर्व अनिश्चिकालीन हड़ताल की सूचना दिए जाने पर यह रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि दो सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित रैली पेंड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से दोपहर 1 बजे निकलेगी, जो शहर के जयस्तंभ चौक पहुंचेगी और यहां से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

नहीं पूरे हुए वादे

संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2018 में नर्सेस संघ का 18 दिनों का प्रदेश स्तरीय बड़ा आंदोलन किया गया था। शासन द्वारा मांगों पर अनुशंसा की गई, पर इसे लागू करने की जगह जून 2021 में अनुशंसा रद्द कर दी गई। वहीं वर्ष 2019-2023-2026 में लगातार तीसरी बार स्टाइपेंड में वृद्धि हेतु आदेश जारी किया गया, लेकिन स्टाइपेंड में वृद्धि नहीं हुई।

भाजपा ने निकाली सेवा ज्योति यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को राजनांदगांव में सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। जिले के सभी 16 मंडलों से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस आयोजन में शामिल हुए। उत्तर मंडल, दक्षिण मंडल एवं ग्रामीण भाजपा तथा सभी मंडलों के युवाओं एवं मातृशक्ति की विशेष उपस्थिति में संपन्न कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह और उमंग दर्शनीय रहा।

सेवा ज्योति यात्रा से पूर्व कृषि उपज मंडी परिसर में भव्य संकल्प सभा आयोजित की गई। सभा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वर्चुवल माध्यम से संबोधित किया। सभा को संबोधित करते सांसद संतोष पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प पर अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, दिनेश गांधी, सचिन बघेल, योगेश दत मिश्रा, एमडी. ठाकुर, भरत वर्मा, रमेश पटेल, किरण वैष्णव, रमन डोंगरे, विनोद खांडेकर, शशिकांत द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

बाइक रैली के माध्यम से पहुंचे कार्यकर्ता

आज नरेंद्र मोदी के सेवा कार्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में रोमांच देखने को मिला। सभी मंडल के कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से कृषि उपज मंडी के संकल्प सभा में नारे लगाते पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन सेवा ज्योति यात्रा के प्रभारी दिनेश गांधी ने किया।

पुराने रेस्ट हाउस चौक का नाम सेवा ज्योति चौक किया जाएगा

सेवा ज्योति यात्रा के प्रभारी दिनेश गांधी ने बताया कि कृषि उपज मंडी के कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं वरिष्ठ नेताओं ने पुराने रेस्ट हाउस चौक का नाम सेवा ज्योति चौक करने की घोषणा की। संकल्प सभा की समाप्ति पश्चात सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया गया। संकल्प सभा में ज्योति कलश को प्रज्जवलित कर कार्यकर्ताओं ने यात्रा को आगे बढ़ाया। यात्रा गंज चौक, दुर्गा चौक, बंसतपुर थाना होते हुए पदयात्रा उदयाचल पहुंची, जहां सेवा ज्योति यात्रा का समापन हुआ।

घटना के बाद आठ दिन से फरार थे आरोपी, पुलिस ने हिरासत में लेकर की पूछताछ

आपसी विवाद के बाद फायरिंग, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आपसी विवाद के बाद फायरिंग करने के मामले की जांच पड़ताल करते कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे एक नग पिस्टल, कारतूस सहित कार को जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 28 सितंबर को प्रार्थी अविनाश शेंदरे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 सितंबर को अपने दोस्तों के साथ कार से अपनी बुआ के घर दुर्ग गया था। दुर्ग से रात्रि साढे 9 बजे वापस राजनांदगांव आया। रात्रि 11 बजे स्टेट स्कूल के पास खैरागढ़ रोड़ में काले रंग की कार में सवार विपिन जान्वेल्स व उसके साथी लोग कार ठीक से चलाओ, यहां रोलबाजी कर रहे हो कहकर गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज करने से मना किया तो विपिन जान्वेल्स द्वारा अपने पास रखे पिस्तौल को निकालकर इसके उपर तान कर जान से खत्म कर देने की धमकी देकर पिस्तौल को चलाया, तब उसके साथियों ने इसका हाथ पकड़कर ऊपर उठाया। जिससे गोली ऊपर आसमान की ओर चला गया। यदि दोस्त लोग हाथ को ऊपर नहीं उठाते तो उसे गोली लगकर मृत्यु हो जाती बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के धारा 109 (1), 296, 351 (3), 119(1), 3 (5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।





पिस्टल व कार जब्त

पुलिस के अनुसार पूछताछ पर आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार किए। आरोपियों के कब्जे घटना में प्रयुक्त एक नग पिस्टल, 2 नग आवाजी कारतूस एवं महिन्द्रा एक्सयूवी 700 कार को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर 7 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण में जब्तशुदा पिस्टल को परीक्षण हेतु आर्मोरर को भेजा गया है।

घेराबंदी कर पकड़ा, न्यायालय में किया पेश

पुलिस के अनुसार उक्त मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में आरोपियों की लगातार पतासाजी कर 6 अक्टूबर को आरोपी विपिन जान्वेल्स, अमन जेम्स, शेरोन जेम्स, अफरोज खान को मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया।

लाल की ललकार
हर किसान का भरोसा

लाल की ललकार
धरती से निकले
उपहार

mahindra TRACTORS
TOUGH HARDUM
ट्रैक्टर ही नहीं, भरोसा भी

ऑफर अंतिम 4 दिन

कम डाउनपेमेंट
₹54 999

स्पेशल कीमत
₹8.89 लाख

कॉम्बो ऑफर
₹10.21 लाख

Mahindra YUVO TECH+ 575DI

Mahindra YUVO TECH+ 585DI

Mahindra NOVO 605DI-PS

बड़ा पिछला टायर-16.9×28

* कीमत व शर्तें लागू, नोट- आरटीओ और बीमा अतिरिक्त है।
लोन प्रोसेसिंग फीस अलग से देय होगा। यह ऑफर एक्सचेंज पर मान्य नहीं है।

-: आवश्यकता है :-

क्र.	स्थान	पद का नाम	पद संख्या	क्र.	स्थान	पद का नाम	पद संख्या
1.	गंडई	सेल्समैन	05	6.	खैरागढ़	मैकेनिक	08
2.	गंडई	मैकेनिक	02	7.	खैरागढ़	टेली कॉलर	01
3.	साल्हेवारा	सेल्समैन	05	8.	छुईखदान	सेल्स मैनेजर	01
4.	साल्हेवारा	मैकेनिक	02	9	छुईखदान	सेल्समैन	05
5.	खैरागढ़	सेल्समैन	10	10.	छुईखदान	मैकेनिक	03

साक्षात्कार : दिनांक 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर, समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक, स्थान : सोनेसरार, खैरागढ़

अपना बायोटाटा वाट्सएप्प करें - 9754731999 फिल्ड कार्य के लिए मोटर साईकिल अनिवार्य है।

मेला... मेला...

सेकण्ड हैण्ड ट्रेक्टर मेला

ट्रेक्टर मालिक बनने का सुनहरा अवसर

मूल्य 1 लाख से शुरू

विभिन्न कंपनियों के
2000 से 2025 तक के
मॉडल लोन सुविधा के साथ

सभी कंपनियों के ट्रेक्टर अच्छी कंडीशन में उपलब्ध

* नियम एवं शर्तें लागू.

अधिकृत विक्रेता : महिंद्रा ट्रेक्टर

बरडिया एग्रीकल्चर

सोनेसरार, खैरागढ़, जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.), मो. 9754731999, 9907938368

ब्रांच ऑफिस : खैरागढ़ रोड मण्डी के पास गण्डई, एमपी रोड साल्हेवारा

समस्या : राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी

ग्रामीण क्षेत्र की पीएम सड़कें जर्जर शोल्डर पर उगी झाड़ियां बनीं खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से करीब 7 से 10 किलोमीटर के दायरे में ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की कई सड़कें इन दिनों बदहाल स्थिति में हैं। बारिश के दौरान सड़क के कई हिस्सों में पानी भरने से सड़क दब गई है और जगह-जगह दरारें व गड्ढे बन गए हैं।

अब बारिश थमने के बाद इन गड्ढों और उखड़े हिस्सों से वाहनों के गुजरने पर कंकड़-पत्थर और मिट्टी उड़ रही है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों की बदहाली के साथ सबसे बड़ी समस्या किनारे के शोल्डर की है। कई स्थानों पर शोल्डर पूरी तरह गायब हो चुका है और उसके स्थान पर खरपतवार व जंगल-झाड़ियां उग आई हैं। इससे सड़क की चौड़ाई भी कम दिखाई दे रही है। दो वाहनों के आमने-सामने आने पर किनारे से सुरक्षित निकलने की जगह नहीं बचती।

ग्रामीणों के अनुसार इन मार्गों पर दिन-रात वाहनों की आवाजाही रहती है और कई वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं। ऐसे में सड़क किनारे उगी झाड़ियों और खराब हिस्सों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण के बाद निर्धारित अवधि तक सड़क की देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होती है। इसके बावजूद सड़कों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते गड्ढों की मरम्मत, डामरीकरण और शोल्डर की साफ-सफाई नहीं की गई तो आने वाले समय में सड़क की स्थिति और खराब हो सकती है।



कई मार्गों की यही स्थिति

ग्रामीणों के अनुसार बरबसपुर चौक से बरबसपुर गांव तक, बरबसपुर से घुकसा, सिंघनपुरी चौक से सिंघनपुरी और गांगचुवा तक सड़क की स्थिति खराब है। इसी तरह राम्हेपुर से चंदनपुर, दौजरी से जेवड़न चौक और जेवड़न खुर्द गांव तक तथा जेवड़न से बांझीमौहा, नवागांव, चरडोंगरी और पिपरिया जाने वाले मार्ग पर भी जगह-जगह सड़क खराब होने और किनारों पर झाड़ियां उगने की समस्या बनी हुई है।

ग्रामीणों ने की सुधार की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से सड़कों का निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग की है। खराब हिस्सों में डामरीकरण के साथ सड़क के दोनों ओर शोल्डर की साफ-सफाई और आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की गई है, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके और सड़क पर दुर्घटना की आशंका कम हो।

तितरी में सेवा सेतु शिविर, 35 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

- जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ हितग्राहियों को वितरित की प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेंगाखार जंगल



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रेंगाखार मंडल के ग्राम तितरी में सेवा सेतु शिविर का भव्य आयोजन किया गया। वनांचल क्षेत्र में आयोजित इस शिविर में आसपास की 35 ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में जिला भाजपा महामंत्री नितेश अग्रवाल ने पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर की उपयोगिता और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शिविर शासन और जनता के बीच सेवा का सशक्त सेतु बनकर कार्य करते हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।

वहीं केंद्र सरकार की सौर ऊर्जा हर घर योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से अनेक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को आवश्यक सामग्री एवं लाभ का वितरण किया गया। श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों-कर्मचारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीणों को मिल रहे लाभ की जानकारी भी ली।

तितरी के युवाओं की पहल बनी प्रेरणा का केंद्र

कार्यक्रम के दौरान ग्राम तितरी के युवाओं द्वारा स्वप्रेरणा से गठित स्वच्छता एवं हरियाली समिति की पहल विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही। गांव के युवाओं ने अपने स्वयं के प्रयास एवं खर्च से ग्राम पंचायत परिसर को सुंदर स्वरूप दिया है। नियमित स्वच्छता, परिसर के सौंदर्यीकरण और व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण के माध्यम से युवाओं ने गांव में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की नई मिसाल कायम की है। नितेश अग्रवाल ने इन युवाओं से विशेष रूप से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि तितरी के युवाओं की यह पहल केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने युवाओं के साथ संवाद किया तथा उनके साथ वृक्षारोपण कर स्वच्छ, सुंदर और हरित गांव के संकल्प को मजबूत किया।

करोड़ों रुपए से बनी पानी टंकियां शोपीस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा, मोहतरा कला पथर्रा, भटरूसे, अमली मालगी, कुआंमालगी, सेमरकोना, बसनी, भगतपुर, धनेली सहित क्षेत्र के कई गांवों में करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई पानी की टंकियां ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी साबित हो रही हैं।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पानी की टंकियां बनने के बावजूद ग्रामीणों को घर-घर पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल के लिए उन्हें एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शासन की योजना के तहत गांवों में विशाल पानी टंकियों का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि पाइपलाइन के माध्यम से प्रत्येक घर तक नल से पानी पहुंचे, लेकिन कई जगह योजना अधूरी पड़ी हुई है। कहीं पानी टंकी बनने के बाद पाइपलाइन नहीं बिछाई गई है तो कहीं मोटर की कमी है।

कुछ गांवों में टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन बोर खनन नहीं होने के कारण पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। वहीं कई स्थानों पर बोर एवं मोटर होने के बावजूद पूरी आबादी को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिलना शासन की मंशा पर पानी फेरने जैसा है। गांवों में खड़ी विशाल पानी टंकियां अब ग्रामीणों को चिढ़ाती नजर आ रही हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़ी पानी टंकियों की वास्तविक स्थिति की जांच कराई जाए।

जिम्मेदारों से कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने कहा कि यदि पानी टंकी, बोर, मोटर और पाइपलाइन से संबंधित कमियां हैं तो उनका तत्काल निराकरण किया जाए। शासन की महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब प्रत्येक गांव के घर-घर तक नियमित रूप से पेयजल पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने और टंकियों को चालू कराने की मांग की है।

ग्राम बद्दो में 1.5 एकड़ क्षेत्र में किया पौधारोपण

- वीबी जी-राम-जी योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र विस्तार की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के उद्देश्य से वीबी जी-राम-जी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बद्दो में तालाब के पास 1.5 एकड़ क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत एवं छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।

पौधरोपण कार्यक्रम में जनपद पंचायत बोड़ला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश कुमार वर्मा, रमेश भास्कर, मलेश धुर्वे सहित सरपंच, उपसरपंच, पंच, ग्रामीणजन एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और पौधरोपण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी जरूरी है, तभी गांव में स्थायी रूप से हरित क्षेत्र का विस्तार किया जा सकेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति की ओर से जिला समन्वयक दीपक बागरी, कविता लांझी, अंकित मिश्रा, हर्षिदी, मीना, मनीषा एवं रागिनी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से हरियाली और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इसे एक सार्थक कदम बताया गया।

जिले के छः खिलाड़ियों को मिला स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

26वीं शालेय राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल 17 वर्ष बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन सारंगढ़ में 04 से 07 अक्टूबर तक आयोजित किया, जिसमें कबीरधाम के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से जूनियर बालक वर्ग में सोहम सिंह राजपूत, शुभम सेन, सचिन एवं बालिका वर्ग में सौम्या चंद्राकर, पूजा चंद्रवंशी, नंदनी कुल छः खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिन्होंने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व किए जिसमें बालक एवं बालिका दोनों वर्गों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए साथ ही दुर्ग जोन को पदक लगाने में एकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी, व्यायाम शिक्षक दिनेश वर्गीस एवं भूपेंद्र गढ़े का महत्वपूर्ण भूमिका रहा। एकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि एकेडमी के खिलाड़ियों ने बेसबॉल सॉफ्टबॉल खेल में विगत 13 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पदक लगाकर प्रदेश के साथ-साथ कबीरधाम जिले का नाम रौशन करते आ रहे है इसके साथ ही पूरे कबीरधाम जिले में सबसे ज्यादा बेसबॉल सॉफ्टबॉल खेल में ही राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित होकर पदक प्राप्त कर रहे है। इस स्पर्धा में 29 रजत एवं 3 कांस्य पदक लगाकर कबीरधाम जिले का नाम रौशन कर चुके है।

प्रथम इंडो नेपाल कराटे स्पर्धा में जीते 53 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विगत दिनों भिलाई के महिला महाविद्यालय में 2 से 4 अक्टूबर तक प्रथम इंडो नेपाल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें भारत और नेपाल की टीम को मिला कर 1100 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता का हिस्सा लिया। जिसमे कवर्धा मार्शल आर्ट्स अकादमी से 40 बच्चें शामिल हुए, इस स्पर्धा में खिलाड़ियों ने कुल 53 पदक हासिल किया जिस पर प्रथम स्थान स्वरा चंद्रवंशी, सुचित्रा सिंह, सुधांशु चंद्रवंशी, मिली सोनी, आराध्य चौहान, तेजस्वत यादव व द्वितीय स्थान श्रीनिति बैस, दीक्षा चंद्रोल, वैभव साहू, माधुरी यादव, आंशिका चंद्रवंशी, सामर्थ चंद्रा तथा तृतीय स्थान अनन्या चंद्राकर, आरना चंद्राकर, रेचल फीगराडे, आशी पन्ना, खुशी, आर्या साहू, अर्शी चंद्राकर, आलिया सिंह, अक्षिका सिंह, देविशा चंद्रवंशी, शिवन्या सिंह, रुद्र देवांगन, अनिरुद्ध ठाकुर, श्रेयम कौशिक, मौर्य कुमार, करण सारस्वत, नक्ष चंद्रवंशी, शिवांश सिंह, घनश्याम निषाद कुमिते में प्रथम स्थान आराध्या चौहान, तेजस्वत यादव, प्रेरणा सिंह राजपूत, स्वरा चंद्रवंशी, सुचित्रा सिंह, सुधांशु चंद्रवंशी तथा द्वितीय स्थान श्रेयम कौशिक, शिवांश सिंह, मिली सोनी, आंशिक चंद्रवंशी, आलिया सिंह, अनिरुद्ध ठाकुर तृतीय स्थान माधुरी यादव, दिव्यांशी, आरना, आशी पन्ना, श्रीनिति बैस, प्रेरणा सिंह राजपूत, खुशी, आंशिक, मौर्य कुमार सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संघ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पन्ना चंद्रवंशी एवं जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण एवं समस्त खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

रूसे में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविर संपन्न, ग्रामीण हुए योजनाओं से लाभांवित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम रूसे में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक के पहुंचने पर हाई स्कूल के विद्यार्थियों तथा स्काउट-गाइड के बच्चों ने फूलमाला एवं आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। शिविर में जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थें।

स्वास्थ्य, राजस्व, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, बिजली, मत्स्य पालन सहित कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा आवेदन एवं समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में भगतपुर, धनेली, कोलेगांव, कापा, जंगलपुर, मोहतरा कला, कंझेटा, कारीमाटी, मोहगांव, सोढ़ा, अंधियारखोर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे।

मत्स्य पालन से संबंधित हितग्राहियों को चेक तथा नए हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से शराब, तम्बाकू, गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने का संदेश देकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम को विधायक भावना बोहरा ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में राजेश्वरी महेंद्र, ओमप्रकाश यदु, छत्र किशोर सानू तिवारी, विकास पाण्डेय, सुरेश दुबे, सेवाराम कुर्रे, माखन चंद्रवंशी, मनहरण साहू, गीताराम साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, दिनेश मिश्रा, कृष्ण चंद्राकर, सुमन गुप्ता, दिलीप चंद्रवंशी सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

गर्मी से परेशान रहे ग्रामीण

शिविर में मंच पर कूलर एवं पंखे की व्यवस्था की गई थी, लेकिन आम नागरिकों के लिए लगाए गए पंडाल में पंखे या कूलर की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। तेज गर्मी के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग गर्मी से बचने के लिए इधर-उधर जाते दिखाई दिए।

निधनः श्रीमती मोगरा चंद्राकर



कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया की ग्राम घोरपेंड्री के निवासी श्रीमती मोगरा चंद्राकर का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया, स्व. श्रीमती मोगरा चंद्राकर का अंतिम संस्कार ग्राम घोरपेंड्री स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें गांव के साथ आसपास के गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीणों जनों ने स्व. श्रीमती मोगरा चंद्राकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व.श्रीमती मोगरा चंद्राकर शिक्षक रामफल चंद्राकर के मां थे।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नपा के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर पालिका की कथित अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने नारेबाजी करते हुए विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की।

प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें नगर पालिका में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की प्रशासनिक, तकनीकी एवं वित्तीय विशेषज्ञों की स्वतंत्र समिति से जांच कराने की मांग की गई। ज्ञापन में नगर पालिका की गौशाला में हुई पशुओं की मौत की जांच, नगर पालिका अध्यक्ष की भूमिका की जांच, डीएमएफ से हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व भुगतान की जांच, सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्यों की जांच तथा सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

इसके अलावा पात्र लोगों को आवासीय पट्टा व पीएम आवास का लाभ देने, हाईटेक बस स्टैंड की व्यवस्था सुधारने, करीब दो करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन चौपाटी की जांच, पेयजल व बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने तथा कर्मचारियों के नियमित वेतन भुगतान की मांग रखी गई। कांग्रेस ने शहर की जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत और विकास कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने की भी मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर जनता के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षद, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थें।



खबर संक्षेप



कराटे चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

बोड़ला। नगर के प्रतिष्ठित न्यू लाइट पब्लिक स्कूल के छात्र आयुष तिलकवार ने कराटे में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नगर व विद्यालय का नाम रोशन किया है। भिलाई में 3 से 5 अक्टूबर तक आयोजित प्रथम इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में आयुष ने 13 वर्ष आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर तृतीय स्थान हासिल किया है। आयुष की इस शानदार उपलब्धि पर उनके प्रशिक्षक आदित्य केशरवानी ने खुशी जताते हुए कहा, कम समय की तैयारी के बावजूद आयुष का यह प्रदर्शन बेहद उत्साहजनक है। जिस लगन और मेहनत के साथ उसने अभ्यास किया, उसी का परिणाम है कि आज उसने अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह सफलता पाई है। हमें पूरा विश्वास है कि आगामी प्रतियोगिताओं में वह और भी बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल करेगा। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और उनके घर-परिवार में जश्न का माहौल है। विद्यालय संचालन समिति, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक वृंद ने आयुष तिलकवार को इस सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आयोजन : हजारों नागरिकों ने लिया 'हम करेंगे' का संकल्प, विजय शर्मा बोले- मजबूत संकल्प से ही लक्ष्य हासिल

पीएम नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने पर सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कबीरधाम जिले में सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा में जिले के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और सेवा, संकल्प एवं जनभागीदारी का संदेश दिया। सेवा ज्योति यात्रा से पूर्व शासकीय पीजी कॉलेज के डोम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने देशवासियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को कार्यक्रम के पश्चात सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए सेवा ज्योति चैक पहुंची। यात्रा में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित जिलेवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा के माध्यम से सेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत 2047 के संकल्प का संदेश दिया गया। सेवा ज्योति यात्रा के दौरान जिलेवासियों में उत्साह और सहभागिता का वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और नागरिकों को विकास एवं जनसेवा के कार्यों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। सुना। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती मोना सेन, जयंती पटेल एवं राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, राज्य पुलिस प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, बीरेन्द्र साहू, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।





संकल्प को धरातल पर उतारना जरूरी : शर्मा

उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। आज 7 अक्टूबर 2026 को सरकार के मुखिया के रूप में उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में जनसेवा और प्रशासन को लेकर नई कार्यप्रणाली विकसित हुई तथा शासन को जनता के करीब लाने पर जोर दिया गया। शर्मा ने कहा कि संकल्प लेना बड़ी बात है, लेकिन उसे धरातल पर उतारना उससे भी बड़ी बात है। लक्ष्य बड़ा हो सकता है और रास्ता कठिन, लेकिन संकल्प मजबूत हो तो मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत विकसित राष्ट्र बने, तब छत्तीसगढ़ भी विकसित छत्तीसगढ़, कबीरधाम विकसित कबीरधाम और कवर्धा विकसित कवर्धा बने, यह सभी का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि जिले के विकास, सेवा और जनभागीदारी का संकल्प है। जब नीयत स्पष्ट हो और 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति साथ हो तो बड़ा से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति और क्षमता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हिंसा की जगह विकास, भय की जगह विश्वास और बंदूक की जगह शिक्षा, रोजगार व अवसर पहुंचाना हमारा संकल्प होना चाहिए।

सेवा को उत्सव और उत्सव को सेवा का माध्यम बनाना ही अभियान की मूल भावना: विधायक भावना बोहरा



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्ष केवल राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि सेवा को उत्सव और उत्सव को सेवा का माध्यम बनाना ही अभियान की मूल भावना है। जिले में सेवा सेतु, रंगोली, स्वच्छता सहित विभिन्न गतिविधियों में नागरिकों की भागीदारी हो रही है। फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान में सभी नागरिक बढ़-चढ़कर भाग लें। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है। आवास, शौचालय, राशन कार्ड और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज से जुड़कर जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाना है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने 'हम करेंगे-वी विल डू इट' के संकल्प के साथ विकसित भारत 2047 के निर्माण में सहभागिता की शपथ ली। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

विशाल ट्रैक्टर रैली आज

मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन आंदोलन



- शासन के प्रतिनिधि को सौंपेंगे मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय किसान संघ द्वारा प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन आंदोलन के क्रम में कबीरधाम जिले में भी किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 8 अक्टूबर, गुरुवार को बलराम किसान न्याय यात्रा के नाम से विशाल ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जा रहा है।

रैली में जिलेभर से किसान ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचेंगे और अपनी मांगों को लेकर शासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपेंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार की ओर से किसानों की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन आंदोलन में तब्दील किया जाएगा।

भारतीय किसान संघ के अनुसार किसान अनिश्चितकालीन आंदोलन की पूरी तैयारी के साथ कवर्धा पहुंचेंगे। किसानों की मांगों को लेकर शहर के सभी प्रमुख पहुंच मार्गों पर धरना-प्रदर्शन किए जाने की बात भी कही गई है। भारतीय किसान संघ अपने इस आंदोलन

गन्ना बोनस व आदान सहायता की मांग

किसानों की प्रमुख मांगों में गन्ने पर 150 रुपए बोनस देने, गन्ना सहित सभी बागवानी फसलों को कृषक उन्नति योजना से जोड़ने तथा इन फसलों के लिए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 15 हजार रुपए की आदान सहायता राशि देने की मांग शामिल है। इसके अलावा धान के समर्थन मूल्य में पिछले तीन वर्षों में हुई वृद्धि को 3100 रुपए में जोड़कर किसानों को भुगतान करने की मांग की गई है। पिछले शासनकाल की लंबित धान की चौथी किश्त की राशि भी शीघ्र जारी करने की मांग उठाई गई है।

सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार पर जोर

किसानों ने जिले के दोनों शक्कर कारखानों की क्षमता बढ़ाने, घूमंतु गौवंश के पुनर्वास, सभी समितियों में धान का 40.700 किलोग्राम तौल सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही सुतियापाठ जलाशय की नहर-नाली विस्तार, पिलारी नहर निर्माण, घोघरा नहर-नाली विस्तार, नेवारी व्यपवर्तन का खपरी तक विस्तार तथा करिया आमा बांध के शीघ्र निर्माण की मांग की गई है। गन्ना किसानों को त्वरित भुगतान के लिए मंडी बोर्ड से रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराने और गन्ने की फसल के लिए फसल बीमा शुरू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी। भारतीय किसान संघ ने कहा है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा।

कवर्धा में किसानों की सड़क पर पशुओं को देख उप मुख्यमंत्री ने लगाई फटकार

- सड़क पर गौवंश की सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमित पेट्रोलिंग के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा-बेमेतरा मार्ग पर सड़क के बीच पशुओं को बैठे देखकर उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने गंभीर नाराजगी जताई। कवर्धा जाते समय सड़क पर पशुओं को देखकर उन्होंने बेमेतरा टोल प्लाजा के पास मंगलवार को देर रात अपना वाहन रुकवाया और तत्काल विभागीय अधिकारियों से मोबाइल पर बात कर हाइवे पेट्रोलिंग व्यवस्था की जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप पेट्रोलिंग वाहन द्वारा किए जा रहे नियमित निरीक्षण के संबंध में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि हाइवे पेट्रोलिंग वाहन द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस पर श्री शर्मा ने पेट्रोलिंग वाहन को मौके पर बुलवाया और अब तक किए गए पशु रेस्क्यू ऑपरेशन के साथ ही प्रतिदिन किए जा रहे निरीक्षण एवं अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कवर्धा से बेमेतरा तक पड़ने वाले ग्रामों के



स्थानीय लोगों के माध्यम से पेट्रोलिंग वाहन की गतिविधियों की नियमित जानकारी ली जाए। सड़क पर पशुओं की मौजूदगी को लेकर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हाइवे पर नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए और सड़क पर बैठे अथवा विचरण कर रहे पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कार्रवाई तत्परता से की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सड़क पर पशुओं के रहने से न केवल गौवंश की जान को खतरा रहता है, बल्कि वाहन चालकों और यात्रियों के लिए भी गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेषकर रात्रि के समय दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है।

इसलिए पेट्रोलिंग दल लगातार मार्ग का निरीक्षण करे और पशुओं के दिखाई देते ही उन्हें सुरक्षित तरीके से सड़क से हटाया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा और गौवंश की रक्षा के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पेट्रोलिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने और इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

यात्री बस और मोटर सायकल की भिडंत में सरकारी स्कूल के प्राचार्य की मौके पर मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। पिपरिया थाना क्षेत्र के रानी सागर के पास महाजन ट्रेवल्स की नॉन स्टॉप बस और प्लेटिना मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम झिरना, पिपरिया निवासी सुंदर नाविक, पिता भगत नाविक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुंदर नाविक ग्राम डउकाबंधा में शासकीय स्कूल के प्रचार्य के पद पर पदस्थ थे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

सूचना मिलते ही पिपरिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बस को हिरासत में ले लिया है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और किसकी लापरवाही रही, इसकी जांच की जा रही है।

दूसरी तरफ सुंदर नाविक की मौत की खबर से परिवार में मातम पसरा है। अचानक हुई मौत से क्षेत्र में भी शोक का माहौल है।

प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही स्कूली छात्रा शिवांशिनी साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से प्रारंभ हुए विशेष अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 8वीं की छात्रा कुमारी शिवांशिनी साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

छात्रा ने मेरे सपनों का भारत विषय पर प्रभावशाली एवं ओजस्वी भाषण प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल सहित उपस्थित गणमान्य नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों से विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। खास बात यह रही कि कक्षा 8वीं की छात्रा शिवांशिनी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के दम पर हाई एवं हायर सेकेंडरी स्तर के प्रतिभागियों को भी पीछे छोड़ते हुए जिला स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। उनके भाषण की कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और निर्णायक मंडल ने जमकर सराहना की। प्रतियोगिता के बाद आयोजित सम्मान समारोह में छात्रा शिवांशिनी साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिलाधीश श्रीमती तूलिका प्रजापति, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्रा की प्रतिभा की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय परिवार ने जताई खुशी

छात्रा की इस उपलब्धि पर स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डीएस जोशी, प्रधानपाठिका श्रीमती सिंधु शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि शिवांशिनी की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। कम उम्र में जिला स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छात्रा ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

वन विभाग और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने आयोजित किया कार्यक्रम

वन्यजीव संरक्षण के लिए मैदानी अमले को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक तथा 2 से 8 अक्टूबर तक मनाए जा रहे वन्यप्राणी सप्ताह के अंतर्गत भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य में वन्यजीव संरक्षण को लेकर संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में वन विभाग एवं वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से हुआ। इसमें वन विभाग के मैदानी अमले को वन्यजीव संरक्षण, निगरानी और वन्यजीव अपराधों की रोकथाम के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वन्यप्राणी सप्ताह की थीम आवासों को जोड़ें, वन्यजीवों को समृद्ध बनाएं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वन्यजीवों के सुरक्षित भविष्य के लिए उनके प्राकृतिक आवासों का संरक्षण और सुरक्षित आवागमन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए वन विभाग के मैदानी अमले के साथ समाज की भी सक्रिय भागीदारी जरूरी है। भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य की अधीक्षक श्रीमती अनिता साहू ने कहा कि वन्यजीव



संरक्षण में फ्रंटलाइन स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति में स्टाफ के व्यवहार और भूमिका पर भी प्रकाश डाला। साथ ही, वैज्ञानिक तकनीकों, सतत निगरानी और विभागीय समन्वय के माध्यम से वन्यजीव अपराधों की रोकथाम तथा संरक्षण कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

कैमरा ट्रैप की दी जानकारी

कार्यक्रम में वन्यजीव गलियारों के महत्व, वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही, कैमरा ट्रैप के प्रभावी उपयोग एवं निगरानी के साथ वन्यजीव अपराध और अवैध वन्यजीव व्यापार की रोकथाम से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई। संरक्षण कार्यों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा मैदानी स्तर पर लगातार निगरानी की भूमिका के संबंध में भी व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की ओर से परियोजना प्रमुख एवं प्रभारी अधिकारी अंकित ठाकुर, सहायक प्रबंधक डॉ. महेंद्र राउत, क्षेत्रीय अधिकारी (जीवविज्ञानी) वेदांग सैखेडकर तथा प्रवर्तन अधिकारी शारिक अशर उपस्थित रहे।

गांवों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के दौरान कलेक्टर श्रीमती तुलिका के निर्देशानुसार जिले के सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियां लगातार जारी है। जन भागीदारी से गांव के सार्वजनिक स्थानो, जल स्रोतों के स्थान, मंदिर, चैक-चौराहा सहित अन्य स्थानों को साफ करने का वृहद अभियान चल रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत सेवा मेरा योगदान की थीम पर 1 दिन 1 साथ 1 घंटा का स्वच्छता कार्यक्रम जिले के सभी ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। इसके साथ ही कचरा कलेक्शन से गांव को होने वाले फायदे और इससे मिलने वाले स्वरोजगार पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई।